अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 14 दिसंबर 2020

PAGE NO 06, MIDDLE

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में साइटोपैथोलॉजी पर ऑनलाइन वेबिनार

बरेली। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में इंडियन एकेडमी ऑफ साइटोपैथोलॉजिस्ट के यूपी चैप्टर की ओर से रविवार को साइटोपैथोलॉजी पर वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग की प्रमुख प्रो. डॉ. तनु अग्रवाल, डॉ. एनके अरोरा, डॉ. रोहित शर्मा, डॉ. हेमा पंत और डॉ. सुरभि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर इंडियन एकेडमी ऑफ साइटोपैथोलॉजिस्ट के यूपी चैप्टर के प्रेसीडेंट डॉ. अतुल गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। वेबिनार में एम्स दिल्ली के प्रो. संदीप माथुर, एनआईसीपीआर की साइंटिस्ट डॉ. रुचिका गुप्ता, एसएनएमसी आगरा की प्रो. डॉ. दीपा रानी, सैफई मेडिकल कॉलेज की डॉ. सविता अग्रवाल, यूसीएमएस दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. वीके अरोरा आदि ने रोगों की जांच में आधुनिक बदलावों और केस स्टडी पर चर्चा की। इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ. एसबी गुप्ता, एमएस डॉ. आरपी सिंह समेत अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।